सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **27**
**08/01/2026**

# वेदांता ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उद्योगपति श्री अनिल अग्रवाल के पुत्र अग्निवेश अग्रवाल के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना, 08 जनवरी 2026** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उद्योगपति श्री अनिल अग्रवाल के पुत्र अग्निवेश अग्रवाल के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 अग्निवेश अग्रवाल उभरते हुये उद्योगपति थे। उनके निधन से उद्योग के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******